## Headline



1. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि: PM मोदी ने सदैव अटल पर दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति और NDA के साथी दल भी पहुंचे
2. Shimla Landslide: समरहिल में मलबे से निकाले गए 14 शव, SDM बोले- अभी और बॉडी होने की आशंका, तलाशी अभियान जारी
3. IND vs WI: 'बच्चों के खिलाफ खेलते हुए बच्चे अच्छे लगते हैं', विंडीज में भारत की हार पर गावस्कर का दिलचस्प बयान
4. Yamuna Water Level: दिल्लीवासियों पर बाढ़ का खतरा, एक बार फिर खतरे के निशान के पार पहुंचा यमुना नदी का जलस्तर
5. Aptech: एप्टेक के एमडी और सीईओ अनिल पंत का निधन


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 41 | इंदौर, बुधवार 16 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


सीएम शिवराज ने कहा ...

# मध्यप्रदेश अब बीमारू नहीं विकसित राज्य

शिवराज सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर प्रशंसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल के लाल परेड मैदान में स्वतंत्रता दिवस के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कोविड-19 माहवारी में तुरंत वैक्सीन बनाकर देश ही नहीं दुनिया भर को दिया। भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। अब भारत की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। एक समय था जब मध्य प्रदेश बीमारू राज्यों में शामिल था। यहां सड़कें नहीं थी, बिजली नहीं थी।पानी नहीं था। तब और अब के मध्य प्रदेश में जमीन और आसमान का अंतर हो गया है।

2003, 2004, और वर्ष 2005 में प्रदेश में डकैतों का आतंक था। तब मैंने ठान लिया था कि डकैतों को समाप्त करेंगे और छह माह में डकैतों को खत्म कर दिया। नक्सलवाद को नेस्तनाबूद करने का काम किया है।आतंक को कुचलने का काम किया है। आज हम बीमारु नहीं, आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित मध्य प्रदेश बनाने में सक्षम हैं। कभी मध्य प्रदेश में 7000 किलोमीटर टूटी-फूटी सड़के होती थीं। अब पांच लाख किलोमीटर सड़कों का नेटवर्क है।



उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है प्रदेश में कोई भी भाई-बहन रहने की जमीन के टुकड़े के बिना नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन लोगों को मकान नहीं मिल पाया है उनके लिए मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अंतर्गत मकान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए जल्द ही सर्वे शुरू करेंगे। हमने महिला सशक्तीकरण क्रांति की है। एक समय था जब बेटा बेटियों में भेद किया जाता था। मन दुखी हो जाता था। कोख को क़त्ल खाना बना दिया गया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई। अब यह तय किया है कि लाडली लक्ष्मी बेटियां मेडिकल और इंजीनियरिंग कालेजों में जाएंगी तो उनकी फीस मम्मी पापा नहीं सरकार भरेगी। स्थानीय निकाय चुनाव में बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। शिक्षकों की भर्ती में 50 प्रतिशत और पुलिस भर्ती में 30 प्रतिशत आरक्षण बेटियों के लिए किया।

उन्होंने विजन 2030 को जनता के सामने रखा। इसमें जोर प्रति व्यक्ति आय दोगुना करने, एक करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर लाने, अर्थव्यवस्था का आकार 45 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचाने, मातृ मृत्यु दर सौ प्रति लाख और शिशु मृत्यु दर को घटाकर 35 प्रति हजार लाने पर रहेगा। कुपोषण के कलंक का मिटाने, 25 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, महिलाओं की न्यूनतम आय दस हजार रुपये प्रतिमाह के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश वासयों को कई सौगाते दी।

# श्रीराम के जयकारे लगाने पर स्कूल में डंडे से पीटा

## तिरंगा यात्रा में छात्रों ने लगाए थे जयकारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में श्रीराम के जयकारे लगाने पर छात्रों की डंडों से पिटाई की गई। छात्रों ने स्कूल की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान जयकारे लगाए थे। 15 अगस्त की शाम ही एक छात्र ने परिजन के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने स्कूल की डायरेक्टर और टीचर के खिलाफ FIR दर्ज की है। पुलिस ने 5 बच्चों की मेडिकल जांच भी कराई है।**

मामला जिले की नागदा तहसील के मदर मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल का है। स्कूल मैनेजमेंट का कहना है कि बच्चों को इनडिसिप्लिन पर पीटा है।

पुलिस को की गई शिकायत में 16 साल के छात्र ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही थी। श्रीराम के जयकारे लगाने पर स्कूल की डायरेक्टर मारिया शेखवात और टीचर विश्वजीत जायसवाल ने हॉल में बंद कर 10 बच्चों को डंडों से पीटा। अपशब्द भी कहे।

छात्र ने कहा कि टीचर्स का कहना था कि श्रीराम के जयकारे लगाने की क्या जरूरत है। हिंदू - मुस्लिम कर रहे हो, आतंकवाद फैला रहे हो। छात्र ने यह भी बताया कि हर रोज स्कूल प्रेयर में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के बाद जय मेरियंस बुलवाया जाता है।



डायरेक्टर बोलीं- लड़कियों पर कमेंट किए, टीचर को धमकाया

स्कूल की डायरेक्टर मारिया शेखवात का कहना है कि बच्चों को पनिश किया है, यह सही बात है। 5 - 6 बच्चे बहुत ज्यादा इनडिसिप्लिन में थे। हम हर साल तिरंगा यात्रा निकालते हैं। स्कूल में हर जाति - धर्म के बच्चे हैं। हम हर तरह के फंक्शन मनाते हैं। बच्चों को यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के उद्घोष के लिए कहा गया था।

कुछ बच्चे शुरूआत में ही इनडिस्पिलन हो गए। लड़कियों पर कमेंट पास किए। उन्हें ऐसी हरकत नहीं करने के लिए कहा। यात्रा कुछ दूर ही आगे बढ़ी तो यही 5-6 बच्चे श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। वे यात्रा की लाइन से निकलकर यहां-वहां जा रहे थे। उन्हें 3 - 4 बार मना किया गया।

एक बच्चे ने टीचर विश्वजीत को धमकाया। उनसे बोला कि देख लेंगे। मेरे लिए टीचर की सुरक्षा भी जरूरी है और ऐसे इनडिसिप्लिन बच्चों को पनिश करने की भी जरूरत है। यात्रा में मुस्लिम बच्चे भी थे। वे भी जातिवाद करने लग जाते तो कुछ होने की आशंका थी।

बच्चों को स्कूल से निकालने की धमकी और गाली-गलौज के सवाल पर मारिया शेखवात ने कहा कि ये आरोप गलत हैं। टीचर बच्चों के प्रति वफादार हैं। उनके भविष्य की चिंता रखते हैं।

### पिटाई से बच्चों को आई चोट

नागदा थाना प्रभारी निलिन बुधौलिया ने बताया कि पिटाई में बच्चों को जो चोट आई है। मामले में धारा 323, 294, 34 के तहत मारिया शेखावत व विश्वजीत जायसवाल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 15 दिन में नियमितीकरण नहीं किया तो करेंगे धरना, प्रदर्शन और आमरण अनशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ पर तुलसी नगर के रहवासियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि यदि स्थानीय शासन, प्रशासन तथा प्रदेश सरकार द्वारा 15 दिनों के भीतर तुलसी नगर कॉलोनी को विधिवत वैध करने की घोषणा नहीं की गई तो रहवासी एवं क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। इसके अंतर्गत शांतिपूर्ण तरीके से धरना, प्रदर्शन, उपवास तथा उसके पश्चात आमरण-अनशन करेंगे।**

वार्ड क्रमांक 36-37 रहवासी महासंघ के संयोजक के के झा, अध्यक्ष राजेश तोमर, तुलसी-सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक शम्भुनाथ सिंह, सचिव शिव बहादुर सिंह, संजय यादव, विवेक शर्मा, महीप धींग, भगवान झा, शारदा सिंह, अर्चना सचान, ज्योति ठक्कर राजेश वैष्णव, प्रमोद तिवारी मनीष सिंह, भरत पटेल की अगुवाई में सामूहिक संकल्प लिया गया। रहवासियों ने स्थानीय शासन के तुलसी नगर कॉलोनी के नियमितीकरण को लेकर टालमटोल रवैये पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, प्रशासन के अधिकारियों द्वारा तुलसी नगर के शीघ्र नियमितीकरण को लेकर दिलासा दिया गया पर उनके लम्बे इंतजार का अंत अब तक नहीं हो पाया है।

रहवासी महासंघ के राजेश तोमर एवं केके झा ने कहा कि तुलसी नगर के नियमितीकरण नहीं होने से रहवासियों के विरोध एवं चेतावनी का संज्ञान लेते हुए तीन महीने पूर्व 23 मई महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल को तुलसी नगर के नवीनतम लेआउट का तीन दिनों के अंदर प्रकाशन तथा कॉलोनी को 15 दिनों में नियमितिकरण करने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद तुलसी नगर के रहवासी नियमितीकरण की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के लेआउट के प्रकाशन के पश्चात प्रशासन द्वारा रहवासियों के आपत्तियों को प्राप्त करने महीनों बाद भी तुलसी नगर के नियमितीकरण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। इस बीच रहवासी अनेक बार स्थानीय विधायक महेंद्र हार्डिया से लेकर कलेक्टर, मेयर, एसडीएम तथा तहसील स्तर के अधिकारियों से मिलकर नियमितीकरण में हो रहे विलंब को लेकर अपनी वेदना व्यक्त कर चुके हैं।

रहवासियों का कहना है कि प्रशासन किसी न किसी मुद्दों को लेकर नियमितीकरण को विलम्बित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनावी आचार संहिता 5 अक्टूबर तक लगने की उम्मीद है, अतः रहवासी अब और अधिक धैर्य नहीं रख सकते। श्री तुलसी-सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी तथा वार्ड 36 - 37 रहवासी महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तुलसी नगर के नियमितीकरण की आधिकारिक घोषणा 15 दिनों के भीतर नहीं की गई तो रहवासी न सिर्फ विरोध एवं अनशन करने पर बाध्य होंगे बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार करेंगे, जिसमें तुलसी नगर के रहवासियों के अलावा क्षेत्र के अन्य कॉलोनियों के लोग भी शामिल होंगे।

# सावन को समर्पित "बरसता सावन हो.."

### देशप्रेम से ओतप्रोत नगमों की भी प्रस्तुति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वर साधना ग्रुप द्वारा सावन को समर्पित 'बरसता सावन हो..' का आयोजन जाल सभागृह में किया। 15 अगस्त के दिन होने से देशभक्ति गीत की भी प्रस्तुती हुई, पुणे से अतिथि गायक स्नेहल आप्टे, चिंतन बाकीवाला ने विशेष प्रस्तुति दी।**

गायक महेश पलोड, हर्षिता जायसवाल, प्रफुलता चोरे, दीपक मंगनानी, बंसी कपूर, सविता कोटस्थने, गोपाल नवाल, सोनू गवते, स्नेह गर्ग, सुश्री,रविंद्र पवांर, राकेश भोर, लोकेश निर्बले, अवधेश जी, लोकेश जी ने प्रस्तुति दी। संगीत संयोजन इंटरनेशनल रिदम बैंड का था । संगतकार राजेश मिश्रा गुड्डू रवि साल्के, बबला गजभिए, अनूप कुलपारे, हेमेंद्र महावर, महेश बौरासी ने मेलोडियस संगीत देकर गीतों को जीवंत कर दिया। हेमेंद्र महावर का तबला और बाबला गजभिए की ढोलक ने तालियां बटौरी, भावपूर्ण संचालन श्वेता फड़के ने किया।

मेघा छाए .... मेरे देश प्रेमियों ... मै ना भूलूंगा ... भीगी भीगी रातों में... अब के सजन सावन में... हर करम अपना करेंगे रिमझिम गिरे सावन... ए मेरे वतन के लोगो... लगी आज सावन की ... दिल ऐसा किसी ने मेरा तोड़ा... ओ सजना बरखा बहार आई... भारत हमको जान से भी प्यारा ही.... सावन पर आधारित, देशप्रेम से ओतप्रोत 28 नगमों की प्रस्तुत हुई। कलाकारों का स्वागत वंदना दोषी ने किया ।

# जू में जल्द आएगा अफ्रीकन जेब्रा एनिमल एक्सचेंज के तहत तैयारी पूरी, मुंबई जू से ग्रीन सिग्नल का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जू में जल्द ही एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अफ्रीकन जेब्रा का एक जोड़ा आने वाला है। जिसके आने के बाद इंदौर का कमला नेहरू प्राणी संग्रालहय प्रदेश का पहला ऐसा चिड़ियाघर होगा जिसमें पर्यटक जेब्रा को निहार सकेंगे। प्रदेश के किसी भी चिड़ियाघर में अभी तक अफ्रीकन जेब्रा का जोड़ा नहीं है। अफ्रीकन जेब्रा का यह जोड़ा मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले चिड़ियाघर से इंदौर लाया जाना है। इसके लिए इंदौर जू में लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अब बस मुंबई जू से ग्रीन सिग्नल मिलने का इंतजार है।**

कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अभी बहुत सारे प्रोजेक्ट अंडर पाइप लाइन हैं। इन सभी प्रोजेक्ट पर हम काम कर रहे हैं। इन प्रोजेक्ट के तहत पर्यटकों के लिए नए अट्रेक्शन के तौर पर कई प्राणी लाए जाने हैं। काफी समय से बॉम्बे जू के साथ जेब्रा लाने के एक प्रोजेक्ट पर भी काम चल रहा है। लेकिन किसी कारण से बॉम्बे जू उसको अभी तक ट्रांसफर नहीं कर पाया है। जिस कारण से यह प्रोजेक्ट थोड़ा सा डिले हो रहा है। वहीं बॉम्बे जू को जेब्रा के बदले में हमसे जो भी ऐनिमल चाहिए वो सभी एनिमल हमारे पास उपलब्ध हैं। हम इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इंदौर चिड़ियाघर में पर्यटक अफ्रीकन जेब्रा को निहार सकेंगे।

### सरकार के कारण आने में हो रही देरी

मुंबई और इंदौर कमला नेहरू प्राणी संग्राहलय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफ्रीकन जेब्रा को मुंबई चिड़ियाघर से इंदौर भेजने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लेकिन सरकार की अस्थिरता के चलते फाइनल डिसीजन लेने में दिक्कत आ रही है। सूत्रों का कहना है कि जब भी जेब्रा को भेजन के लिए सरकार के बात शुरू होती है और बात फाइनल स्टेज तक पहुंचती है तभी सरकार में उठा-पठक शुरू हो जाती है। जिससे जेब्रा को इंदौर भेजन की सरकारी प्रकिया रुक जाती है। बता दें कि महाराष्ट्र में 2019 के बाद से अब तक 3 मुख्यमंत्री बदल चुके हैं।

### जेब्रा के लिए बाड़ा भी बनकर है तैयार

इंदौर चिड़ियाघर में जेब्रा के एक जोड़े के लिए बाड़ा भी बनकर तैयार हो चुका है। चिड़ियाघर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जेब्रा के बदले शेर और भेड़िए का जोड़ा मुंबई जू को देना है। इंदौर चिड़ियाघर शेर और भेड़िए का जोड़ा देने के लिए तैयार है, लेकिन मुंबई से ही जेब्रा को देने में देरी हो रही है। इंदौर चिड़ियाघर सूत्रों का कहना है कि मुंबई से हो रही देरी के कारण इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन अब जेब्रा रखने वाले देश के अन्य चिड़िया घरों से भी बात कर रहा है।

# खजराना में अन्नक्षेत्र इसी माह, भक्त सदन अक्टूबर में शुरू होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के प्रसिद्ध आस्था के केन्द्र खजराना गणेश मंदिर में नया अन्नक्षेत्र इसी माह शुरू हो जाएगा। भक्त सदन और प्रवचन हॉल का काम भी अंतिम चरण में है। दोनों अक्टूबर माह में खोले जा सकते हैं। अक्टूबर के पहले विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने पर उद्घाटन का समय बढ़ाया जा सकता है। साढ़े 10 करोड़ रुपए इन कामों पर खर्च किए गए हैं। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि दानदाता बल्लू अग्रवाल ने ट्रस्ट के माध्यम से निर्माण राशि सौंपी थी। पूर्व कलेक्टर मनीषसिंह के निर्देश पर काम शुरू कराए गए थे। यहां छोटा अन्नक्षेत्र संचालित होता था, जिसमें एक बार में बमुश्किल 50 भक्तगण ही प्रसादी ले पाते थे। अधिक भक्तगण होने से प्रसादी के लिए इंतजार करना पड़ता था। नए अन्नक्षेत्र की बैठक क्षमता 500 रखी गई है। अन्नक्षेत्र में केवल दरवाजे लगाने और फिनिशिंग का काम शेष है। भक्त सदन में 200 भक्त रात्रि विश्राम कर सकेंगे। जबकि, प्रवचन हाल में 1200 की क्षमता रहेगी। भक्त सदन में बाहरी जिलों से आने वाले साधु संतों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# साढ़े चार हजार पथ विक्रेताओं के आवेदन बैंक पहुंचे

### ◆ 40 हजार का लक्ष्य, सात दिन में कराएंगे स्वीकृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ठेले और रेहड़ी वालों को रोजगार से जोड़ने निगम ने पथ विक्रेता योजना शुरू की है। पांच दिन पहले शुरू हुई योजना में साढ़े चार हजार पथ विक्रेताओं के आवेदन बैंक पहुंच चुके हैं। अगले सात दिन में सभी के प्रकरणों को स्वीकृत कराने में निगम सहभागी बनेगा। इस बार 40 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य का अक्टूबर माह तक पूरा किया जाएगा। अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि दो साल पहले मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने ठेले और रेहड़ी वालों को अपने धंधा बडे पैमाने पर करने योजना शुरू की थी। योजना का लाभ दिलाने जोन स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आवेदन में सभी दस्तावेजों को संलग्न कराने में कर्मचारी सहयोग करते हैं। जमा हुए आवेदनों की दूसरे दिन सूक्ष्मता से जांच के बाद उन्हें बैंक भेजा जाता है। बैंक प्रकरणों में लोन स्वीकृत करने में हितग्राही को परेशान नहीं करे, इसलिए खुद निगमायुक्त हर्षिकासिंह और महापौर पुष्य मित्र भार्गव बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हैं। योजना में हितग्राही को 10 हजार का लोन दिलाया जाता है। इसमें 2500 रुपए की सबसीडी मिलती है। लोन चुकाने पर हितग्राही को 20 और 50 हजार के लोन दिलाए जाते हैं।

# लाइट हाउस प्रोजेक्ट का सितंबर में पीएम करेंगे लोकार्पण

### इसी माह के अंत तक पूरा होगा काम, 583 हितग्राहियों को आवंटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाड़िया क्षेत्र में तेजी से चल रहे लाइट हाउस प्रोजेक्ट के फ्लैटों का काम इसी माह के अंत तक पूरा हो जाएगा। सितम्बर में प्रोजेक्ट का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। 583 हितग्राहियों को प्रोजेक्ट में बने फ्लैटों का आवंटन किया गया है। प्रोजेक्ट के अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा ने बताया कि गरीबों को खुद के आशियाने दिलाने के ध्येय से प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैटों का निर्माण, आवंटन और पजेशन देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने सस्ते और जल्द तैयार होने वाले फ्लैट तैयार करने के निर्देश दिए थे। जनवरी 2021 को प्रधानमंत्री ने वर्चुअली इसकी आधारशिला रखी थी। कनाड़िया क्षेत्र में ई फेब्रिकेटेड सेंडविच पैनल टेक्नालॉजी पर पहली बार इस तरह के 1024 फ्लैट तैयार किए जा रहे हैं। फ्लैटों की बिक्री के लिए पिछले दिनों आवास मेला का आयोजन किया गया था। मेला में शामिल हितग्राहियों ने फ्लैटों की बुकिंग कराई। इन फ्लैटों की कीमत 12 लाख रुपए तय की गई है। हितग्राहियों को फ्लैट की कीमत मात्र 6 लाख रुपए चुकानी होगी।

# प्याज लगा रुलाने, बारिश का पानी लगने से सड़ने लगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टमाटर, हरी मिर्च के साथ अब प्याज भी रुलाने वाला है, आज यह होलसेल में 15 से 16 व उम्दा क्वालिटी 20 रुपये बिकी। फुटकर में यह 28 से 35 रुपये मिल रही है। किसानों के अनुसार पानी लगने से प्याज अंदर से सड़ने लगी है। शहर लोडर मंडी है यहां से प्याज, साऊथ, असम, यूपी तक भेजा जाता है। होलसेलर विनोद अग्रवाल के अनुसार सामान्यतया 80 से 100 ट्रक प्याज की रोजाना आवक होती है जो फिलहाल में घटकर 20 से 22 ट्रक है। यह आफ सीजन है। दिक्कत यह बारिश के कारण बढ़िया इंदौर के आसपास प्याज की खेती होती है। कृषक नरेन्द्र पंवार बताते हैं कि इसकी क्राप करीब चार महीने में तैयार होती है। दिसंबर में इसे बोते हैं। इस बार अप्रैल में फसल निकालते समय पानी लग गया था जिससे प्याज अंदर से सड़ने लगे। इसका भाव तक नहीं मिला। हालांकि बेहतर क्वालिटी वाला प्याज 1861 के भाव बेचा। महाराष्ट्र की लासलगांव, नासिक बड़े प्याज उत्पादक प्याज हैं।

# जनतंत्र से मन तंत्र फिर है गणतंत्र...

स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए... गर्व ;गौरव एवं उत्सव का पर्व है...देश की संप्रभुता संपूर्ण जनतंत्र से... जुड़ी होना चाहिए... और यह संभव है... मनु तंत्र की सहभागिता से...तभी एक सफल गणतंत्र की परिभाषा... पूर्ण हो सकेगी...जी हां ,आज के स्वतंत्रता दिवस के... आज तक के सफर में... अनेक पड़ाव, उतार-चढ़ाव की दास्तान है... अनेक बाधाओं और सफलताओं की... कहानी जुड़ी है... वहीं राजनीतिक सफर का अपना स्थान है... जी हां राजनीति की कलेवर के कारण...फिजा में अलग दलगत रंगों की... सहभागिता ने भी अनेक रोचक कहानियां को जन्म दिया है... स्वतंत्र राष्ट्र ने कई बड़े विश्व रिकॉर्ड बनाए... गतिमान स्वयं को रखते हुए...हर राजनीतिक दल ने... दलगत राजनीति ने... जनतंत्र के मुख्य पात्र 'जन-जन' के लिए... उनके भी एक भाग... जिसको लोगों ने राजनीति... राजनीति ने परिभाषित किया... 'गरीब' के नाम से...इस गरीब की दास्तान की कहानी...हर राजनीतिक दल ने...अपना मूलभूत उद्देश्य बताया...परंतु सच में अगर आज भी बात करें...'गरीबों' की तो हकीकत में... मेरे मत से, वहां की वहां... जहां की तहाँ ही है...हां गरीबी हटाने के नारे ने... कई सरकारें बनाई और बिगाड़ी हैं... परंतु गरीब की गरीबी जहां की तहाँ ही है...'रात भर चले अड़ाई कोष' या कहे 'खोदा पहाड़ और निकला चूहा'...यह गरीबी के चूहे पर... कई राजनीतिक दल... गजानन से विराज ते जरूर है... वह कल्याण भी करते हैं... पर स्वयं का...!

खैर राजनीति ने 'जनतंत्र' के चोसर... की बिछात बना और इसी की गहरी चालो ने...'मन तंत्र' को प्रभावित कर...आज के स्वरूप में गणतंत्र तक को लाने का... महत्वपूर्ण कार्य किया है...!

दलगत की राजनीति से... ऊपर कोई दल नहीं उठ पाता है... काश दलगत से ऊपर उठकर...जनहित में गणतंत्र का संचालन... महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए... तभी एक सफल गणतंत्र की... परिभाषा को परिभाषित...किया जाना पूर्ण हो सकेगा... तभी सफल गणतंत्र की पहचान... दुनिया में बन सकेगी... यही सार्थकता होगी...!

शेष फिर

## खजराना मंदिर में 80 लाख से बनेगा पार्किंग

### दानपेटी की राशि से करेंगे निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। शहर के प्रसिद्ध आस्था के केन्द्र खजराना गणेश मंदिर में सतत विकास कार्य हो रहे हैं। यहां अन्न शाला, भक्त सदन, प्रवचन हॉल और गौशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसी क्रम में अगले माह पार्किंग निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके निर्माण पर 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि दान पेटियों से ली जाएगी। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि यहां रोजाना हजारों की संख्या में दो व चार पहिया वाहन से भक्तगण आते हैं। व्यवस्थित पार्किंग नहीं होने से वाहनों को यहां-वहां खड़ा किया जाता है। खास दिनों में वाहनों की संख्या बढ़ने से वाहन चालक दुकानों और मकानों के सामने पार्क करते हैं, जिससे विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। अस्त व्यस्त तरीके से वाहन खड़े किए जाने से उन्हें निकालने में भी दिक्कत आती है। इस समस्या के स्थायी निदान के लिए काली माता मंदिर के सामने मंदिर की रिक्त पड़ी जमीन पर पार्किंग तैयार किया जाएगा। पार्किंग में 300 टू व्हीलर और 75 कार खड़ी हो सकेगी। पार्किंग शुल्क का निर्धारण मंदिर प्रशासक और कलेक्टर इलैया राजा करेंगे। मंदिर के सूत्रों ने बताया कि आम पार्किंग की तरह यहां भी दोपहिया के 10 तथा चार पहिया के 20 रुपए लिए जाएंगे। पार्किंग का संचालन मंदिर समिति करेगी।



# महाकाल लोक पहुंची सप्तऋषि की प्रतिमाएं, अब उद्घाटन का इंतजार

## तेज आंधी तूफान से हो गई थीं खंडित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकाल लोक में स्थापित सप्तऋषियों की खंडित मूर्तियां बनकर उज्जैन आ गई हैं। इन मूर्तियों को दोबारा स्थापित कर दिया गया है। लेकिन इसे लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही इनका लोकार्पण कर सकते हैं। 28 मई 2023 को शहर में आए आंधी-तूफान के कारण ये मूर्तियां जमीन पर गिरकर टूट गई थी। इसके बाद प्रदेश में इन मूर्तियों को लेकर जबरदस्त राजनीति भी हुई। इन मूर्तियों के अभाव में महाकाल लोक की खूबसूरती कम हो गई थी, लेकिन अब जल्द ही श्रद्धालु इन मूर्तियों को महाकाल लोक में देख सकेंगे।



बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 11 अक्टूबर 2023 को महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। उसके बाद महाकाल लोक आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया था। तब से महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल लोक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बता दें, महाकाल लोक की मूर्तियां गुजरात की कंपनी ने बनाई हैं। मूर्तियों के रखरखाव की जवाबदारी पांच साल तक कंपनी की ही है। महाकाल लोक 430 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। यहां लगी अलग-अलग मूर्तियों की कीमत 45 करोड़ रुपये है। यह मूर्तियां पांच साल के लिए डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में हैं। इनकी उम्र 10 साल है। इन मूर्तियों के खंडित होने से शासन-प्रशासन को कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि जिस ठेकेदार ने काम किया है उसे ही पांच साल के लिए मूर्तियों का रखरखाव करना है।

### पुरानी मूर्तियों से ज्यादा मजबूत हैं नई मूर्तियां

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन ने मूर्तियां बनाने वाली एजेंसी के खर्च पर ही नई प्रतिमाएं तैयार कराई हैं। 20 अगस्त के आसपास इनका लोकार्पण होने की संभावना है। मुख्यमंत्री भी इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। दावा किया जा रहा है कि नई प्रतिमाएं मजबूत हैं। इनका बेस भी मजबूत रहेगा। स्टैंड पर इन्हें लोहे की रॉड और सीमेंट-कंक्रीट मटेरियल से स्थापित किया गया है। मूर्तियों के जॉइंट भी मजबूती से जोड़े गए हैं।

# जमीन को लेकर विवाद में दो पक्षों में चली ताबड़तोड़ गोलियां, 12 लोग घायल

## ग्वालियर रेफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** जिले के अम्बाह के रुअर गांव में पंचायत चुनाव और जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद देखते ही देखे इतना बढ़ गया कि एक दूसरे पर दोनों पक्षों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान दोनों ही पक्षों के एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अम्बाह से जिला अस्पताल रेफर किया और जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद चारों घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया है। घायलों में से एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

घटना मुरैना जिले के अंबाह थाना क्षेत्र के रूअर गांव की है। यहां बृजमोहन और सोनू तोमर में पंचायत चुनावी रंजिश के साथ-साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। ब्रजमोहन और सोनू तोमर में जमीनी विवाद को लेकर पहले तो कहासुनी हुई, लेकिन बात इतनी बढ़ गई की दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक पक्ष के बृजमोहन और सीताराम को गोली लगी है। वहीं दूसरे पक्ष के सोनू और लाला तोमर को गोली लगी है।

बताया जा रहा है कि सोनू और लाला तोमर आदतन अपराधी हैं। दोनों पर दो दर्जन से अधिक चोरी लूट डकैती और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर धाराओं में मामले भी दर्ज हैं। वहीं घायल सीताराम का कहना है कि साहब यह तो आपराधिक किस्म के लोग हैं जो आए दिन गांव में मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। हमारी जमीन में इन्होंने हल चला दिया था इसी बात को लेकर हमने इनसे कहा तो पिस्टल से गोली मार दी, जिसमें मैं और मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अम्बाह से जिला अस्पताल भेजा यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी घायलों को ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया है।वहीं इस मामले में अम्बाह थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह का कहना है की रुअर गांव में दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। दोनों तरफ से गोली चली है जिसमें चार लोग घायल है जिन्हे इलाज के लिए ग्वालियर भेजा गया है। सोनू तोमर वाली पार्टी आदतन अपराधी है।

# शहर से लगे क्षेत्र में तेंदुए का मूवमेंट जारी, वन विभाग ने लगाया पिंजरा

## गश्ती दल रख रहा नजर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के पोआमा नर्सरी के पास भारतीय वन अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद/ कौशल केन्द्र के परिसर के पास पिछले कुछ दिनों से लगातार तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों परिसर में रहने वाले कुछ लोगों ने तेंदुए को देखा था, जिसकी सूचना पूर्व वनमंडल के अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने के बाद पिछले चार दिनों से पूर्व वनमंडल की टीम क्षेत्र में गश्ती कर रही है। वन विभाग की टीम की ओर से लगाए गए कैमरे में तेंदुआ कैद हुआ है, मादा तेंदुआ की उम्र करीब चार साल बताई जा रही है। वन विभाग की टीम ने गश्ती के साथ पकड़ने के लिए पिंजरा भी लगाया है। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों की माने तो पिछले कुछ दिनों से मूवमेंट नहीं दिख रहा है। क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया गया है। तेंदुए का मूवमेंट वानिकी अनुसंधान केन्द्र परिसर से लगे क्षेत्र में है, लेकिन सूचना मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में भी दहशत बनी हुई है।

### पेंच के साथ स्थानीय अधिकारियों की टीम रख रही नजर

तेंदूए के मूवमेंट की सूचना मिलने के बाद से लगातार यहां पर पूर्व वनमंडल और छिंदवाड़ा रेंज की टीम रेंजर पंकज शर्मा के साथ लगातार सर्चिंग करने के साथ कैमरे और अन्य जरिए से नजर बनाए हुए है। वहीं, दूसरी ओर सूचना मिलने के बाद पेंच टाइगर रिजर्व, पूर्व वनमंडल, अनुसंधान केन्द्र के अधिकारी एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों की ज्वाइंट टीम सर्चिंग करने पहुंची थी। यहां पर टीम ने क्षेत्र में रात के दौरान लाइट बढ़ाने, कैमरे और रात्रि के दौरान बाहर नहीं निकलने की हिदायद दी है। मौके पर पहुंची टीम ने केन्द्र परिसर के तकरीबन 35 एकड़ के हिस्से में लेंटाना सहित घना जंगल देखा गया। वन अधिकारियों की माने तो तेंदुए के लिए यह सुरक्षित स्थान होने के कारण पिछले लंबे समय से तेंदुए के रहने की संभावना बताई जा रही है।

# पति ने पत्नी को दिया ट्रिपल तलाक, पुलिस से शिकायत करने पर महिला को बेरहमी से पीटा

**सिवनी।** सिवनी में कोतवाली थाने के अंतर्गत आने वाले नया मोहल्ला इलाके में पति द्वारा नवविवाहिता पत्नी को ट्रिपल तलाक देने का मामला सामने आया है। नवविवाहिता की डेढ़ साल पहले शादी हुई थी। कुछ दिन पहले बैंगलोर निवासी पति समीर खान ने अचानक घरेलू विवाद पर पत्नी को ट्रिपल तलाक दे दिया। बता दें कि 28 साल की पीड़ित महिला रुखसार ने घटना की शिकायत महिला थाने में दर्ज करवाई और पत्नी द्वारा पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर पति द्वारा पत्नी के साथ बेरहमी से पिटाई कर दी।



## संपादकीय

# हर तरह की समस्या का निकाला जाएगा हल


आज देश में आतंकी हमलों में कमी आई है और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बदलाव आया है। पिछले कुछ सालों में एक अहम पहलू महिलाओं के सशक्तीकरण को लक्षित कार्यक्रम रहे हैं। इसी को दर्ज करते हुए उन्होंने कहा कि देश माताओं-बहनों के सामर्थ्य से आगे बढ़ा है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह उपलब्धियों के साथ-साथ अनेक स्तर पर खड़ी चुनौतियों पर बात की, उससे यही संदेश सामने आया है कि वे आने वाले वक्त में भी अपनी सक्रियता में कमी नहीं करने वाले हैं। यह प्रधानमंत्री के रूप में लगातार उनका दसवां संबोधन था, जिसमें उन्होंने देश को यह आश्वासन देने की कोशिश की कि हर तरह की समस्याओं का हल निकाला जाएगा और उनकी नजर से कुछ छूट नहीं रहा है। मसलन, पिछले दिनों मणिपुर में अशांति और हिंसा पर उनके जवाब की मांग लेकर विपक्ष ने मोर्चा खोला था। लेकिन लाल किले से संबोधन में उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में ही मणिपुर में हिंसा को लेकर चिंता जाहिर की और कहा कि केंद्र सरकार अब राज्य के साथ मिल कर समाधान के प्रयास कर रही है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर भारत की जो सकारात्मक छवि बनी है, उसके लिए लगातार किस स्तर के प्रयास किए गए, वह अब जगजाहिर है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने आने वाले दशकों में देश के तिरंगे को विकसित भारत का प्रतीक बनाने का जनता से आह्वान किया। खासतौर पर उन्होंने तीस साल के कम के युवाओं के महत्त्व का जिस अर्थ में जिक्र किया, उसे बेहतरीन क्षमताओं के सार्थक उपयोग के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है। यह भविष्य के सपने के साथ-साथ आम लोगों का मनोबल ऊंचा करने की कोशिश भी है। इस क्रम में सरकार की स्थिरता के महत्त्व का जिक्र करते हुए उन्होंने पिछले दो आम चुनावों में मजबूत सरकार के गठन और सुधारों में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। स्वाभाविक ही इसमें नौकरशाही की भी जिम्मेदारी रही और इसे भी वे नहीं भूले।

**अर्ज़ किया है..!**

*मैं 'शाद' तन्हा इक तरफ़ और*
*दुनिया की दुनिया इक तरफ़*
*सारा समुंदर इक तरफ़ आँसू*
*का क़तरा इक तरफ़*

-शाद अज़ीमाबादी

||-ॐ-||
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*हमारे जीवन में कोई संत होना चाहिए ...कोई ऐसा साधु होना चाहिए ...कोई ऐसा मार्गदर्शक होना चाहिए ...जो परम तत्व की बगिया में घूम कर आया है... अनुभव करके आया है ...परमानंद में डूबा है ...जो सहज हो... भजनानंदी हो... परमानंद में डूबा रहता हो ... जो साधु हमें अपनी स्मृति का बोध करा दे... अपने स्वभाव में स्थित कर दे ऐसे कोई संत की हमारे जीवन में जरूरत है...*

*|| रामकथा || मानस गुरु वंदना ||*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# शनि ग्रह पर 'महातूफान', इसे पार करने में लगेंगे 100 साल... आ रहा है रेडियो सिग्नल



**शनि ग्रह पर एक विशालकाय 'महातूफान' आया हुआ है. उसने पूरे शनि ग्रह को एक छल्ले के रुप में घेर रखा है. इतना बड़ा है कि उसे पार करने में 100 साल लग जाएंगे. ऐसे भयानक महातूफान शनि ग्रह पर आम बात है. लेकिन उससे रेडियो सिग्नल निकलना दुर्लभ घटना है.**

शनि ग्रह पर आने वाले तूफानों को ग्रेट व्हाइट स्पॉट्स (Great White Spots) कहते हैं. ये हर 20 या 30 साल में एक बार ग्रह के उत्तरी गोलार्ध में बनते हैं. महीनों तक चलते रहते हैं. 1876 से लेकर अब तक खगोलविदों ने छह विशालकाय महातूफान शनि ग्रह पर देखें हैं.

सबसे आखिरी तूफान दिसंबर 2010 में देखा गया था. जब नासा के कैसिनी स्पेसक्राफ्ट ने ग्रह के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए इसकी तस्वीर ली थी. इस तूफान की उम्र करीब 200 दिन थी. लेकिन जब स्टडी की तो पता चला कि 200 दिन चलने वाला तूफान बहुत बड़ा था. यह लंबे समय तक चलता रहा.

रेडियो टेलिस्कोप स्कैन किया गया. पता चला कि अब भी इस ग्रह पर वह तूफान बना हुआ है. कम से कम अगले 100 सालों तक यह शनि ग्रह के वायुमंडल पर दिखता रहेगा. मुद्दा ये है कि ये तूफान अब रेडियो सिग्नल पैदा कर रहा है. समस्या ये है कि वैज्ञानिक इसकी वजह खोज नहीं पा रहे हैं.

तूफान की वजह से वायुमंडल में केमिकल बदलाव हो रहे हैं. असल में तूफान दिखना भले बंद हो जाए. लेकिन उसका असर कई सदियों तक रह सकता है. कम से कम शनि ग्रह के मामले तो ये सही है.

हाल ही में इस बारे में एक स्टडी साइंस एडवांसेस जर्नल में प्रकाशित हुई है. जिसमें बताया गया है कि बृहस्पति की तुलना में शनि ग्रह का वायुमंडल धुंधला और बिना किसी फीचर का है. वहीं बृहस्पति ग्रह का वायुमंडल ज्यादा रंगीन और वाइब्रेंट है.

शनि ग्रह का ऊपरी वायुमंडल बेहद धुंधला है. जब न्यू मेक्सिको में लगे वेरी लार्ज एरे रेडियो टेलिस्कोप से शनि ग्रह की स्टडी की गई तो पिछले सभी छह महातूफानों के अवशेष मिले. सबसे पहला करीब 130 साल पहले आया था. लेकिन उसका असर अब भी शनि ग्रह के वायुमंडल पर देखने को मिलता है.

शनि ग्रह के वायुमंडल में ऊपरी बादल अमोनिया की बर्फ से बने हैं. लेकिन रेडियो जांच करने पर पता चला कि तूफानों वाले इलाके में अमोनिया की मात्रा ग्रह के बाकी हिस्सों से कम है. यानी तूफान खत्म होने के बाद या रहते समय वायुमंडल में अमोनिया की मात्रा कम हो जाती है.

शनि ग्रह के ग्रेट व्हाइट स्पॉट्स की तुलना में बृहस्पति ग्रह पर उससे भी बड़ा ग्रेड रेड स्पॉट है. जो लगातार बढ़ता जा रहा है. यह अब तक किसी ग्रह पर देखा गया सबसे बड़ा तूफान है. शनि ग्रह के तूफान लंबे चलते हैं, लेकिन आकार छोटा होता है.

## Highlights

1. I dead, 3 rescued after house collapses in Uttarakhand's Joshimath
2. Chandrayaan-3 completes all lunar bound manoeuvres; ISRO shares graphic
3. Chandrayaan-3 completes all lunar bound manoeuvres; ISRO shares graphic
4. IRCTC warns users of fake mobile app sending mass phishing links
5. IRCTC warns users of fake mobile app sending mass phishing links
6. Drone visuals show Yamuna level as water rises again in Delhi

# FTX founder Bankman-Fried used customer funds for '$100 million in US political donations'

**NEW DEIHI, (Agency).** Sam Bankman-Fried used stolen customer funds to make more than $100 million in campaign contributions ahead of the 2022 U.S. midterm elections, federal prosecutors said on Monday in a new indictment filed against the founder of the FTX cryptocurrency exchange.



The new indictment charges the 31-year-old former billionaire with seven counts of conspiracy and fraud over the collapse of the exchange. He has previously pleaded not guilty.

Mark Botnick, a spokesman for Bankman-Fried, declined to comment.

Bankman-Fried rode a boom in cryptocurrency values to compile a net worth estimated at $26 billion, and became an influential donor to mostly Democratic candidates and causes.

The U.S. Attorney's office in Manhattan had initially charged him with violating U.S. campaign finance laws, but dropped that charge in late July after the Bahamas said it had never intended to extradite Bankman-Fried to the United States on that charge. FTX was based in the Bahamas and he was arrested there in December 2022.

In a letter last week to U.S. District Judge Lewis Kaplan in Manhattan, prosecutors indicated they would soon file a new indictment that "will make clear that Mr. Bankman-Fried remains charged with conducting an illegal campaign finance scheme as part of the fraud and money laundering schemes originally charged."

# Retail inflation rises to 15-month high of 7.44% in July : Govt data

**NEW DEIHI, (Agency).** Retail inflation jumped to a 15-month high of 7.44 per cent in July as prices of vegetables and other food items spiked, according to official data released on Monday.



The Consumer Price Index (CPI) based inflation was at 4.87 in June and 6.71 per cent in July 2022.

Previously, high inflation was recorded at 7.79 per cent in April 2022.

The inflation in the food basket was 11.51 per cent in July compared to 4.55 per cent in June and 6.69 per cent in July 2022, as per the data. The retail inflation in vegetables year-on-year was 37.43 per cent while the rate of price rise in 'cereals and products' was 13 per cent, showed the data released by the National Statistical Office (NSO).

Uttarakhand

# चमोली में मलबे में दफन हुए चार लोग, दो की मौत मदमहेश्वर में फंसे 120 श्रद्धालु निकाले

**जोशीमठ (चमोली), (एजेंसी) चमोली जिले के जोशीमठ में एक मकान टूटने से मलबे में चार लोग दब गए। एसडीआरएफ ने त्वरित राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि तीन घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से एक की रास्ते में मौत हो गई। दूसरी तरफ रुद्रप्रयाग मदमहेश्वर पैदल मार्ग पर फंसे श्रद्धालुओं में अभी तक 120 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है।**

विगत देर रात्रि कोतवाली जोशीमठ द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया कि हेलंग में चल रहे क्रशर प्लांट के पास एक मकान पर मलबा आने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसमे कुछ लोगों के दबे होने की संभावना है। उक्त सूचना पर पोस्ट जोशीमठ से इंस्पेक्टर हरक सिंह राणा, एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए।



एसडीआरएफ द्वारा विषम परिस्थितियों में रात भर चले रेस्क्यू ऑपरेशन में कंक्रीट की छतों को काटकर तीन लोगों को घायलावस्था में रेस्क्यू कर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

दूसरी तरफ रुद्रप्रयाग में द्वितीय केदार मद्महेश्वर पैदल मार्ग से लेकर मंदिर तक फंसे 250 श्रद्धालुओं में से 120 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया है। ऊखीमठ एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया कि रविवार रात को हुई मूसलाधार बारिश से मद्महेश्वर पैदल मार्ग पर बणतोली के पास पैदल पुल बह गया था। अन्य लोगों को भी जल्द रेस्क्यू कर दिया जाएगा।

Paschim bangal

## लिवइन पार्टनर के बच्चे को गर्लफ्रेंड ने मार डाला, बेड बॉक्स में छिपा दिया था शव

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राजधानी दिल्ली के इंद्रपुरी इलाके में पांच दिन पहले 11 साल बच्चे की हत्या कर उसका शव बेड में छिपाने वाली महिला को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला बच्चे के पिता की लिव-इन पार्टनर है।**

महिला ने खुलासा किया कि उसने मंदिर में करीब तीन साल पहले बच्चे के पिता से शादी की थी, लेकिन वह अपनी पहली पत्नी को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। इसलिए उसने गुस्से में बच्चे की हत्या कर दी। आरोपी महिला पूजा कुमारी रणहौला के विकास नगर इलाके में संडे बाजार रोड की रहने वाली है। क्राइम ब्रांच के स्पेशल कमिश्नर रवींद्र यादव ने बताया कि बीते 10 अगस्त को 11 वर्षीय बच्चे की गला दबाकर हत्या कर उसका शव बेड में छिपा दिया था। जांच टीम ने देखा कि सीसीटीवी में घर पर आने वाली आखिरी शख्स पूजा थी। उसके बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह बच्चे के पिता जितेंद्र के साथ लिव-इन रिलेशन में है। उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन वह अपने माता-पिता के घर के साथ-साथ अन्य रिश्तेदारों के घर पर भी नहीं मिली। उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था।

Uttarpradesh

## यूपी की मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम के काफिले पर बाइक सवारों ने किया हमला, गाड़ी का शीशा टूटा

**देवरिया, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की गाड़ी पर बाइक सवार दो युवकों ने हमला कर दिया। इस घटना में मंत्री की कार का शीशा टूट गया। मामले में पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। घटना, कोतवाली क्षेत्र के परासिया भंडारी गांव के पास 14 अगस्त 2 बजे की बताई जा रही है। प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम के पीएसओ प्रवीन कुमार यादव ने कोतवाली में की तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की दोपहर में दो बजे राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम सदर कोतवाली के सोनूघाट से कुशीनगर जा रही थीं। गाड़ी में उनके अलावा ड्राइवर, पीएसओ और एक अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

Paschim bangal

## बरनाला में दोहरा हत्याकांड : घर में मिली मां-बेटी की लाशें, मृतका का पति घायल, देर रात घर में घुसे हत्यारे

**बरनाला (पंजाब), (एजेंसी)** राजदीप सिंह अपने ससुराल गांव सेखा में घर जमाई बनकर रह रहा था। मंगलवार रात अज्ञात लोग घर में घुसे और पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजदीप की सास हरबंस कौर और पत्नी परमजीत कौर की मौत हो गई। वहीं राजदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। बरनाला के गांव सेखा में दोहरे हत्याकांड से सनसनी फैल गई। देर रात घर में घुसकर मां-बेटी पर तेजधार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया। हमले में एक मृतका का पति गंभीर घायल हो गया है। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, राजदीप सिंह अपने ससुराल गांव सेखा में घर जमाई बनकर रह रहा था। मंगलवार रात अज्ञात लोग घर में घुसे और पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में राजदीप की सास हरबंस कौर और पत्नी परमजीत कौर की मौत हो गई। वहीं राजदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही बरनाला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि हत्यारे घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर भी अपने साथ ले गए हैं।

खेल

# विश्व कप से ठीक पहले आउट ऑफ फॉर्म हुए शुभमन गिल? मई तक खूब रन बनाए, WTC फाइनल से बैट में लगी जंग

**नई दिल्ली। भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। सबसे शर्मनाक बात यह रही कि टी20 रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-वन टीम इंडिया उस टीम के खिलाफ हारी है जो 2022 टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। विंडीज दौरे पर टेस्ट मैचों को छोड़ दें तो वनडे सीरीज में भी भारतीय टीम को जीत के लिए जूझना पड़ा था। इस दौरे पर भारत के लिए सबसे निराश करने वाली बात शुभमन गिल का फॉर्म है।**

पांच अक्तूबर से भारतीय सरजमीं पर ही वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत हो रही है। उससे ठीक पहले शुभमन गिल आउट ऑफ फॉर्म हो गए हैं। शुभमन को आने वाले समय का बड़ा




बल्लेबाज बताया जा रहा है। खुद हेड कोच राहुल द्रविड़ भी शुभमन की तारीफ कर चुके हैं और उन्हें फ्यूचर स्टार बता चुके हैं। हालांकि, उनके मौजूदा प्रदर्शन ने फैंस को काफी निराश किया है। शुभमन विदेशी पिचों पर कुछ खास नहीं कर पाए हैं, ऐसे में कुछ फैंस उनके फ्यूचर स्टार होने पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

इस साल की शुरुआत होते ही शुभमन के बल्ले से खूब रन निकले। टी20, वनडे और टेस्ट तीनों फॉर्मेट में उन्होंने जमकर रन बनाए। मई तक शुभमन के बल्ले से रन बरसे, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि उन्होंने यह सारे मैच भारतीय जमीन पर खेले। शुभमन ने श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में तीनों फॉर्मेट के मैच खेले। इस साल जनवरी से मार्च तक शुभमन ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर भारत के लिए 18 पारियों में 61.25 की औसत से 980 रन बनाए।

इस मामले में वह नंबर-वन रहे। इसके बाद आईपीएल की शुरुआत हुई और उसमें भी शुभमन के बल्ले से रनों की बारिश हुई। 17 मैचों में वह 59.33 की औसत और 157.80 के स्ट्राइक रेट से टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। आईपीएल के खत्म होते ही शुभमन के बल्ले में जंग लग गई और वह जूझते हुए दिख रहे हैं।

सिनेमा

## गदर 2 ने रचा इतिहास, स्वतंत्रता दिवस पर बंपर कमाई कर तोड़े रिकॉर्ड, 200 करोड़ के क्लब में शामिल




गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 'गदर' मचा दिया है. सनी देओल की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हर दिन रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है. लेकिन पांचवें दिन फिल्म ने जो कलेक्शन किया है, वो फिल्म क्रिटिक्स की कल्पना से भी परे है. गदर 2 ने स्वतंत्रता दिवस के हॉलिडे को जमकर कैश किया. फिल्म ने 55 करोड़ का विस्फोटक कलेक्शन किया है. क्यों चौंक गए ना आप भी गदर 2 की कमाई का ये आंकड़ा जानकर? सही मायने में सनी देओल ने 'गदर' मचाया है. फिल्म ने 5वें दिन सबसे ज्यादा कमाई की है. इंडिपेंडेंस डे पर ताबड़तोड़ कलेक्शन कर गदर 2 ने इतिहास रच दिया है. शुक्रवार को 40 करोड़ के धमाकेदार नंबर्स के साथ खाता खोलने वाली गदर 2 ने दूसरे दिन 43.08 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन रविवार को फिल्म ने 51.7 करोड़ कमाकर गदर मचाया.

सनी देओल की मूवी ने फर्स्ट मंडे टेस्ट फ्लाइंग नंबर्स के साथ पास किया. चौथे दिन की कमाई 38.7 करोड़ रही. धुआंधार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन क्या होता है ये गदर 2 ने पांचवें दिन के बिजनेस से साबित किया. शुरुआती रुझानों के मुताबिक, गदर 2 ने मंगलवार (पांचवें दिन) 55 करोड़ कमाए. इसी के साथ फिल्म का 5 दिन का कुल कलेक्शन 228 करोड़ हो गया है.

# मंत्री सिलावट ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

## राष्ट्रीय पर्व को लेकर शहर में हर ओर रहा उत्साह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वतंत्रता दिवस पर मंगलवार को मुख्य समारोह महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी ग्राउंड में आयोजित किया गया और जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभागायुक्त मालसिंह ने संभागायुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। वहीं कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी ने कलेक्टर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एआईसीटीएसएल कार्यलय पर ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के बाद मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीबों के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। युवाओं को रोजगार का अवसर मिल रहा है। प्रदेश में पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को निशुल्क अनाज वितरित किया जा रहा है। प्रदेश की सरकार लगातार अच्छा काम कर रही है, प्रदेश में सवा करोड़ महिलाओं को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिला है।

### लाड़ली बहना सेना की सदस्य आकर्षण का केंद्र रही

समारोह में पहली बार शामिल होने वाली लाड़ली बहना सेना की सदस्य आकर्षण का केंद्र रहीं। सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुति भी दी। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 15 दलों ने परेड में हिस्सा लिया। इसमें सीमा सुरक्षा बल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), नगर सेना, यातायात पुलिस, एनसीसी (महिला), स्काउट गाइड, आरआइ ग्रुप, रेडक्रास, शौर्या दल भी प्रमुख रूप से रहे। परेड का नेतृत्व आइपीएस अभिषेक रंजन ने किया। समारोह में बैंड आकर्षण का केंद्र रहे।

### एक छात्रा हुई बेहोश

समारोह के दौरान परेड में शामिल होने आई स्काउड गाइड की एक छात्रा बेहोश हो गई। बताया जा रहा है कि यह छात्रा अहिल्याश्रम की थी और सुबह सात बजे से सभी के साथ खड़ी थी। ज्यादा उमस होने से वह बेहोश हो गई थी।

### विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति और लोकगीतों की प्रस्तुति

कार्यक्रम में शासकीय शारदा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, अहिल्या आश्रम कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्र.-1, शासकीय अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र.-2 के विद्यार्थियों ने देशभक्ति और लोकगीतों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में वर्षभर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान भी किया गया।

# यात्रा का माहौल बिगाड़ने वाले फुटेज में भागते दिखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** छत्रीपुरा में निकलने वाली तिरंगा यात्रा का माहौल बिगाड़ने वाले तीन संदिग्ध आरोपियों के फुटेज पुलिस को मिल गए हैं। पुलिस ने इनकी पहचान भी कर ली है। जल्द ही इनकी गिरफ्तारी की जाएगी। रविवार को तिरंगा यात्रा के दौरान आरोपियों ने डीजे गाड़ी पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया था। युवा मोर्चा के नेता की शिकायत पर मामले में अज्ञात आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। आगजनी के मामले में पुलिस अफसर आरोपियों को जल्द पकड़ने की बात कर रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक कैलादेवी मंदिर के सामने वैष्णव गर्ल्स स्कूल पर सूरज सिरवैया द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा पर अज्ञात तीन संदिग्धों ने ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से तीनों संदिग्धों की पहचान कर ली है। जिसके आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। एसीपी के मुताबिक संदिग्ध आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

### यात्रा की नहीं थी परमिशन

इधर जानकारी मिली है कि सूरज सिरवैया और उनके साथियों ने यात्रा निकालने के लिए कोई अनुमति नहीं ली थी। पहले यात्रा बीजेपी पार्टी के तत्वावधान में निकालने की बात की जा रही थी। हंगामे के बाद नेताओं ने मामले से दूरी बना ली। जिस पर यात्रा के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत यात्रा निकालने की बात कही। चूंकि कमिश्नर के आदेश के चलते सभी थाना इलाकों में यात्रा, सभा और धार्मिक आयोजनों के लिये डीसीपी और एसीपी स्तर के पदाधिकारियों से परमिशन लेना जरूरी है। बताया जा रहा है कि सूरज की ओर से इन अफसरों से अनुमति नहीं ली गई थी।

# स्टंट करते हुए थार चोरल डैम तालाब में डूबी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू से करीब 20 किमी दूर चोरल डैम में 15 अगस्त को एक गाड़ी तालाब में डूब गई। दरअसल कुछ लोग थार गाड़ी के साथ स्टंट कर रहे थे। स्टंट करते हुए गाड़ी अचानक असंतुलित हो गई और तालाब में गहरे पानी में चली गई। इसके बाद आसपास मौजूद पर्यटकों ने उन्हें बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, घटना 15 अगस्त की बताई जा रही है। अवकाश होने के कारण चोरल डैम पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे थे। तभी कुछ लोग थार को भी पीछे के रास्ते से तालाब किनारे ले आए। लोग वहां पानी में स्टंट कर रहे थे। तभी गाड़ी असंतुलित हुई और गहरे पानी में चली गई। पानी में जाते ही कार डूबने लगी। यह देखते ही आसपास मौजूद सैलानी पानी में कूदे और गाड़ी में बैठे लोगों को बाहर निकाला। घटना में किसी तरह को कोई जनहानि नही हुई। पर गाड़ी डूबने के बाद उसे दूसरी गाड़ी के सहारे रस्सी से खींच कर बाहर निकाला गया।

# छात्रा का मोबाइल लूटा

**इंदौर।** द्वारकापुरी में स्कूली छात्रा के हाथ से बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। छात्रा अपनी मां के साथ जा रही थी। इसी दौरान एक्टिवा सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। छात्रा के परिवार के मुताबिक सूचना के बाद पुलिसकर्मी यहां पहुंचे। फुटेज देखे और चले गए। मामले में पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

घटना प्रजापत नगर की है। यहां खुशी सोलंकी प्रजापत नगर में किराये से रहती है। मंगलवार को वह दूसरे मकान में शिफ्ट होने के लिए सामान निकाल रही थी। खुशी ने बताया कि उसके एक हाथ में घर का सामान था दूसरे हाथ में मोबाइल। इस दौरान एक्टिवा पर तीन बदमाश आए और मोबाइल हाथ से छुड़ाकर ले गए। द्वारकापुरी थाने में शिकायत के बाद कुंदन और राजाराम पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और फुटेज लेकर चले गए।

### दो सौ मीटर की दूरी में चुराई तीन बाइक

इसी थाना इलाके के विदुर नगर में थाने से दो सौ मीटर की दूरी पर बदमाशों ने तीन बाइक चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया। बदमाश दिलीप के घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक चुरा ले गए। वहीं घर के आगे रहने वाले जितेन्द्र सहित एक अन्य की बाइक भी बदमाशों ने चुरा ली। दिलीप मामले में थाने पहुंचे। यहां बैठे पुलिसकर्मियों ने 24 घंटे बाइक तक बाइक नहीं मिलने के बाद एफआईआर दर्ज करने की बात कही। इलाके में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। तीन दिन पहले यहीं से एक पंडित की पल्सर बाइक चोरी करते हुए दो बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए थे।

# भैरव कुंड में डूबे तीन दोस्त

## ◆ इंदौर से 15 अगस्त की छुट्टी मनाने गए थे; लोग वीडियो बनाते रहे, नहीं की मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देवास के भैरव कुंड में तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। इंदौर से 14 दोस्त 15 अगस्त की छुट्टी मनाने गए थे। इनमें से तीन युवक झरने के पास गहरे पानी में चले गए। डूबने का वीडियो भी सामने आया है। 30 जुलाई को भी भैरव कुंड में दो युवकों की डूबने से मौत हुई थी।**

भैरव कुंड का जो वीडियो सामने आया है, उसमें नजर आ रहा है कि तीन युवक डूब रहे हैं। उनके साथ के दो युवक तैरकर किनारे आ गए। अन्य साथी वहां मौजूद लोगों से मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कोई आगे नहीं आया। देखते ही देखते तीनों डूब गए। मृतक यासीन (26) निवासी चन्दन नगर इंदौर, सूफियान (30) निवासी खजराना इंदौर और जफर (30) निवासी ग्रीन पार्क इंदौर हैं। रात तक शव नहीं मिले थे। आज फिर शवों की तलाश की जा रही है।

### 15 दिन में पांच लोग डूबे

भैरव कुंड में बारिश के दौरान झरना फूट पड़ता है। ये नजारा देखने के लिए लोग यहां पहुंचते हैं। 15 दिन में पांच लोग यहां जान गंवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

# लैब संचालक की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमवाय अस्पताल के सामने पेथालॉजी लैब के संचालक की मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रिक्शा से एमवाय अस्पताल तक पहुंचे। लेकिन यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। काम के दौरान अचानक उन्हें घबराहट हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक धनपाल (50) पुत्र जगन्नाथ नरगोले की जावरा कंपाउंड स्थित गुप्ता चैंबर में पैथालॉजी लैब है। मंगलवार को वह लैब पर थे। इस दौरान उन्हें अचानक घबराहट होने लगी। उन्होंने लैब पर अपने साथी को जानकारी दी। ज्यादा घबराहट होने पर ऑटो रिक्शा से धनपाल को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने चेकअप के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिश्तेदार विनोद ने जानकारी दी कि वह कई सालों से लैब का काम कर रहे थे। उनका बेटा साहिल भी दूसरी लैब में काम करता है। परिवार में दो बेटियां है।

### नर्सरी संचालक की मौत

एमआईजी इलाके में रहने वाले नर्सरी संचालक की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोग उन्हें रात में अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एमआईजी पुलिस के मुताबिक भावेश (35) पुत्र रामाभाई चौहान को मंगलवार रात करीब 12 बजे परिवार के लोग एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उपचार के दौरान यहां भावेश की मौत हो गई। बताया जाता है कि भावेश का अचानक पेट फूल गया। इसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। रात में ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर उसे बहन अर्चना और अन्य अस्पताल लेकर पहुंचे थे। भावेश के परिवार में माता-पिता और दो बहनें हैं। वह इकलौता भाई था। पुलिस के मुताबिक बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### ठग 15 लाख रुपए, क्राइम ब्रांच ने करवाए वापस

**इंदौर।** शराब की डीलरशिप दिलवाने के नाम पर 15 लाख रुपये ठग लिए थे, जिसे क्राइम ब्रांच ने सोमवार को पैसे वापस करवाए। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, उज्जैन के आवेदक भारत घुड़ावत ने शिकायत की थी की नोएडा के अनावेदक ने स्प्रिट एजेंसी देने के नाम से रुपये ले लिए। भारत घुड़ावत ने परिचित व्यक्ति के किंजास स्प्रिट लिमिटेड कंपनी, नोएडा (शराब बनाने की कंपनी) की डिस्ट्रीब्यूटर डीलरशिप लेने के संबंध में जानकारी प्राप्त कर एमडी हरेंद्र रोतेला एवं अन्य से नोएडा स्थित आफिस पर संपर्क किया।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करे
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।